उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 14.08.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान ( फेज-04 ) के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति महोबा पुलिस द्वारा निरंतर किया जा रहा है जागरुक-

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 14.08.2024 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है । साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 14.08.2024

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पीडितों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया, प्राप्त जन समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 14.08.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं को लेकर आये उन सभी की समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में सभी अधीनस्थों को निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर पर हो सकता है उन सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण थाना स्तर पर ही कराना सुनिश्चित किया जाये किसी भी फरियादी को परेशान न किया जाये; सभी से सम्मान पूर्वक बर्ताव किया जाये, निर्देशित किया गया कि घटना की तथ्यात्मक जानकारी करते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये याद रखे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिये, किसी भी पीड़ित से गलत व्यवहार की सूचना प्राप्त होने पर कठोरतम कार्यवाही की जायेगी।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 14.08.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर भारत विभाजन त्रासदी के दौरान प्राणोत्सर्ग करने वाले लोगों की याद में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई तथा जनपद के सभी थानों में आयोजित की गयी तिरंगा यात्रा।

आज दिनांक 14.08.2024 को "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रमों के तहत आज यानी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस (Partition Horrors Remembrance Day) मनाया गया। 14 अगस्त 1947 को देश के बंटवारे के दौरान अपने प्राण न्यौछावर करने वाले व विस्थापन का दर्द झेलने वाले लोगों की याद में इस दिन को याद किया जाता है।

"विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस" भारत में 14 अगस्त को मनाया जाने वाला एक वार्षिक राष्ट्रीय स्मृति दिवस है, जो 1947 में भारत के विभाजन के दौरान लोगों के पीड़ितों और पीड़ाओं की याद में पुलिस अधीक्षक महोदय व अन्य कार्यचारियों द्वारा कुछ समय का मौन धारण किया गया।









प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 14.08.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की संयुक्त पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 08 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध रुप से संचालित जुंआ/सट्टा की प्रभावी रोकथाम हेतु ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 13.08.2024 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्रीमती हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा सार्वजनिक स्थान पर अवैध रुप से संचालित जुआ की रोकथाम हेतु संयुक्त पुलिस टीमों का गठन किया गया।

व0उ0नि0 श्री सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम ने ग्राम टपरन के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.सतेन्द्र यादव पुत्र महादेव उम्र 20 वर्ष 2.कैलाश अहिरवार पुत्र करमचन्द्र उम्र 32 वर्ष 3.शीलचन्द्र अहिरवार पुत्र करन उम्र 23 वर्ष 4.हरचरन बसोर पुत्र सुकला उम्र 57 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम टपरन थाना महोबकंठ को पुलिस हिरासत में लिया गया जिनके कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते व मालफड़ 300/- रुपये व जामातलाशी 1100/- रुपये, (कुल 1400) रूपये बरामद हुए।

इसी क्रम में उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम ने ग्राम लिलवा के पास हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.बाबूलाल पुत्र चोखा अहिरवार पुत्र उम्र 48 वर्ष 2.सुसेन्द्र यादव उर्फ बउवा पुत्र बृजराज सिंह उम्र 25 वर्ष 3.साहब सिंह पुत्र शोभाराम यादव उम्र 30 वर्ष 4.सन्तोष कुमार पुत्र गोविन्ददास उम्र 40 वर्ष समस्त नि0 ग्राम टपरन थाना महोबकंठ को पुलिस हिरासत में लिया गया, जिनके कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते व मालफड़ 400/- रुपये व जामातलाशी 1200/- रुपये, (कुल 1600) रूपये बरामद हुए।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना महोबकंठ में क्रमशः मु0अ0सं0 153/2024 व मु0अ0सं0 154/2024 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम-

(प्रथम टीम) 1. व0उ0नि0 श्री सत्येन्द्र सिंह 2.प्र0उ0नि0 अंकित कुमार यादव 3. हे0कां0 जंगबहादुर 4.कां0 रामनाथ गौतम 5. कां0 विजय निरंकारी 6.हो0गा0 हरिकिशन

(द्वितीय टीम) 1.उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा 2.हे0कां0 श्यामकिशोर 3.कां0 सौरभ सिंह 4.कां0 उमाशंकर यादव 5.कां0 अजय कोरी 6.कां0 धर्वेन्द्र कुमार।






## थाना खरेला की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 14.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गई उ0नि0 तवरेज आलम मय हमराह का0 विपिन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त 1. भरत कुशवाहा पुत्र राजकुमार कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम दिसरापुर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा के कब्जे से एक अदद देशी तमन्चा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद करते हुए आईटीआई कालेज के निकट कस्बा खरेला के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 87/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. भरत कुशवाहा पुत्र राजकुमार कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम दिसरापुर थाना कोतवाली जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 तवरेज आलम
2. का0 विपिन सिंह

